पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़,
उपरवारा, सेक्टर–40, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)
(छ0ग0 अधिनियम क्र0 21/2008 द्वारा स्थापित)
दूरभाष/फैक्स: 0771–2263234 ई–मेल: healthuniversitycg@yahoo.com वेबसाइट–www.cghealthuniv.com

क्रमांक/F-222/NS-/अका. (CONV)/DUHS/2019/4012 रायपुर, दिनांक– 24/6/2019

## :: तृतीय दीक्षांत–समारोह अधिसूचना ::

पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय छत्तीसगढ रायपुर का **तृतीय दीक्षांत समारोह अतिशीघ्र** होना निर्धारित है। इस **दीक्षांत–समारोह** में उन सभी प्रत्याषियों को उपाधि–पत्र वितरित किए जायेगें, जिन्हें जनवरी 2017 से दिसम्बर 2018 तक की अवधि में इस विश्वविद्यालय की पी.जी. डिग्री/डिप्लोमा उपाधि के लिए योग्य घोषित किया गया है।

1. जो व्यक्ति इस दीक्षांत–समारोह में उपस्थित होकर उपाधि प्राप्त करना चाहते है, उन्हें निर्धारित आवेदन–पत्र पर विश्वविद्यालय में दिनांक 31.07.2019 तक सूचना देना होगा। आवेदन–पत्र के साथ आवेदकों को कुलसचिव, पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय छत्तीसगढ रायपुर के नाम से रू. 1000.00 नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट द्वारा दीक्षांत–समारोह के शुल्क के रूप में विश्वविद्यालय में दिनांक 31.07.2019 तक जमा करना होगा। **इस अवधि के पश्चात् आवेदन–पत्र एवं शुल्क स्वीकार नहीं किए जावेंगे।** उपाधि धारक यदि अपना आवेदन रजिस्टर्ड डाक/ई. मेल. आई. डी. **convocation19.duhs@gmail.com** के द्वारा भेजते है, तो उन्हें परिधान प्राप्ति के दिन बैंक ड्राफ्ट की मूल प्रति/प्रतिलिपि साथ में लाना होगा।

   निश्चित शुल्क एवं अन्य ब्यौरा प्राप्त होने पर विश्वविद्यालय द्वारा उन प्रत्याशियों के लिए दीक्षांत–समारोह में सम्मिलित होने हेतु अनुज्ञा–पत्र तैयार किया जाएगा। अनुज्ञा–पत्र विश्वविद्यालय से दिनांक 31.07.2019 तक प्राप्त हो सकेगा। अनुज्ञा–पत्र के 'प्रपत्र–ब' को प्रस्तुत करने पर विश्वविद्यालय के परिधान दायक से परिधान प्राप्त हो सकेगा। परिधान धारण करने के पश्चात् ही दीक्षांत–समारोह–स्थल में प्रवेश मिल सकेगा।

2. तृतीय दीक्षांत–समारोह में जनवरी 2017 से दिसम्बर 2018 तक की परीक्षा में विभिन्न कक्षाओं में प्रावीण्य–सूची में प्रथम स्थान प्राप्त एवं दानदाताओं के नाम से स्थापित स्वर्ण–पदक के लिए चयनित छात्र छात्राओं को स्वर्ण–पदकों से भी अलंकृत किया जाएगा। स्वर्ण–पदक हेतु योग्य घोषित छात्र स्वयं उपस्थित होकर दीक्षांत–समारोह में स्वर्ण–पदक प्राप्त करना चाहते है, वे विश्वविद्यालय में दिनांक 31.07.2019 तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत करेंगे। आवेदन रजिस्टर्ड डाक/ई. मेल. आई. डी. **convocation19.duhs@gmail.com** के द्वारा भेजते है, तो उन्हें परिधान प्राप्ति के दिन बैंक ड्राफ्ट की मूलप्रति/प्रतिलिपि साथ में लाना होगा। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदकों को दीक्षांत–समारोह में उपस्थिति होने की अनुमति नहीं दी जा सकेंगी। परिधान धारण करने के पश्चात् ही दीक्षांत–समारोह–स्थल में प्रवेश मिल सकेगा। दीक्षांत–समारोह में स्वर्ण–पदक प्राप्त करने की इच्छुक प्रत्याशियों को आवेदन पत्र के साथ रू. 300.00 नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट द्वारा दीक्षांत–समारोह के शुल्क के रूप में कुलसचिव, पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय छत्तीसगढ रायपुर को दिनांक 31.07.2019 तक जमा करना होगा।

**सामान्य निर्देश :–**

- सभी प्रत्याशियों को परिधान प्राप्ति हेतु (वापसी योग्य) अमानत राशि रू. 1000/– श्री पीताम्बर लाल यदु, सहायक कुलसचिव (मो. नं. 9827130001) पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय छत्तीसगढ रायपुर के पास जमा करना होगा।
- विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित तिथि को परिधान वितरण श्री पीताम्बर लाल यदु, सहायक कुलसचिव (मो. नं. 9827130001), पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय छत्तीसगढ रायपुर के निर्देशन में की जाएगी, आवेदन पत्र का प्रारूप विश्वविद्यालय के वेबसाइट **www.cghealthuniv.com** एवं दीक्षांत–समारोह की ईमेल **convocation19.duhs@gmail.com** पर उपलब्ध रहेगी।

**समारोह स्थल :–**

- दीक्षांत–समारोह कार्यक्रम स्थल एवं तिथि की घोषणा अतिशीघ्र की जावेगी।

कुलसचिव